हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, मंगलवार, 13 जनवरी 2026

अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज

तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

2 मानी क्षेत्र में मुरुम माफिया सक्रिय जेसीबी से कर रहे अवैध उत्खनन



**खबर संक्षेप**

### सीएम साय जिलेवासियों को देंगे 654 करोड़ रुपए की सौगात

**बलरामपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय मकर संक्रांति परब पर 14 जनवरी को तातापानी महोत्सव में विभिन्न विकास कार्यों के लोकार्पण, शिलान्यास एवं भूमिपूजन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय जिले में कुल 654 करोड़ 42 लाख रुपए से अधिक की राशि के 210 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन करेंगे। इसमें 330 करोड़ 96 लाख 21 हजार रुपए के 140 विकास कार्यों का लोकार्पण और 330 करोड़ 46 लाख 72 हजार रुपए के 70 कार्यों का भूमिपूजन-शिलान्यास शामिल है। लोकार्पण के अंतर्गत 323 करोड़ 96 लाख 21 हजार रुपए लागत राशि के 140 विकास कार्य शामिल है। जिसमें लोक निर्माण विभाग के 14 विकास कार्य लागत राशि 187 करोड़ 72 लाख 40 हजार रुपए, लोक निर्माण विभाग सेतु के 3 विकास कार्य लागत राशि 14 करोड़ 56 लाख 5 हजार रुपए, क्रेड़ा विभाग के 1 विकास कार्य लागत राशि 1 करोड़ 80 लाख 9 हजार रुपए तथा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अंतर्गत 63 विकास कार्य लागत राशि 119 करोड़ 87 लाख 67 हजार रुपये के कार्य शामिल हैं। भूमिपूजन-शिलान्यास अंतर्गत 330 करोड़ 46 लाख 72 हजार रुपये की लागत राशि के 70 विकास कार्य शामिल है। जिसमें लोक निर्माण विभाग(भ/स) के 21 विकास कार्य लागत राशि 140 करोड़ 11 लाख 99 हजार रुपये, लोक निर्माण विभाग सेतु के 14 विकास कार्य लागत राशि 67 करोड़ 77 लाख 18 हजार रुपये, पीएमजीएसवाई के 19 विकास कार्य लागत राशि 81 करोड़ 46 लाख 08 हजार रुपये, क्रेडा विभाग के 01 विकास कार्य लागत राशि 1 करोड़ 86 लाख 26 हजार रुपये, नगर पालिका परिषद् बलरामपुर के 3 विकास कार्य लागत राशि 12 करोड़ 61 लाख 2 हजार रुपये, आदिवासी विकास विभाग के 2 विकास कार्य लागत राशि 26 करोड़ 64 लाख 1 हजार रुपये के कार्य शामिल हैं।

### शराब पीकर वाहन चलाने पर लगा 10 हजार का जुर्माना

**अंबिकापुर।** शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई का सिलसिला जारी है। शराब के नशे में बाइक चलाने वाले व्यक्ति पर 10 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया। बता दें कि सड़क दुर्घटना में कमी लाने के लिए एसएसपी राजेश अग्रवाल के निर्देश पर पुलिस टीम द्वारा यातायात नियम तोड़ने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में जांच के दौरान बतौली पुलिस ने पल्सर बाइक क्रमांक सीजी 15 डीएक्स 0184 को रोककर चालक बतौली बेंदोकोना घोघरा निवासी 23 वर्षीय रुपेश केरकेट्टा आ. विश्वनाथ केरकेट्टा की ब्रेथ ऐनालाइजर से जांच की। जांच के दौरान चालक शराब के नशे में धुत पाया गया। ऐसे में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 185 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर मामला न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। इस दौरान न्यायालय द्वारा उपरोक्त प्रकरण मे वाहन चालक को 10 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया है।

### कीटनाशक पीने से गंभीर युवक की उपचार के दौरान मौत

**अम्बिकापुर।** कीटनाशक पीने से गंभीर हुए युवक की उपचार के दौरान निजी अस्पताल में मौत हो गई। जशपुर थाना अंतर्गत ग्राम टिमरला निवासी कल्याण राम आ. रमेश राम (20 वर्ष) 29 दिसंबर को गांव से हडिया शराब पीकर घर आया और उल्टी करने लगा। 3 जनवरी को पुनः उल्टी करने पर परिजन उसे स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने युवक की हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। परिजन युवक के स्वास्थ्य में सुधार नहीं होने पर शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उपचार के दौरान बीती रात युवक की मौत हो गई। परिजन ने पुलिस को बताया कि वार्ड में भर्ती होने के दौरान युवक ने नर्स को बताया कि उसने कीटनाशक पी लिया है जिससे युवक की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

# केरजू समिति में किसानों के नाम पर निकाल लिया गया करोड़ों का ऋण

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सीतापुर क्षेत्र के केरजू क्षेत्र में किसानों के नाम पर करोड़ो रुपए के फर्जी लोन निकालने का मामला सामने आया है। क्षेत्र के पांच गांव के ढाई हजार से अधिक किसानों के नाम पर लोन निकाल लिया गया और अब उसकी भरपाई किसानों के धान की राशि से की जा रही है। ऐसे में किसानों में भारी आक्रोश का माहौल है। सोमवार को सैकड़ों की संख्या में किसानों ने पूर्व मंत्री अमरजीत भगत के नेतृत्व में पहुंचकर इस मामले में जांच व कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों ने 15 से 20 करोड़ रुपए के घोटाले का आरोप लगाया है। ग्रामीणों से मुलाकात के बाद कलेक्टर अजीत वसंत ने भी मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच टीम का गठन कर दिया है और जांच के बाद कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

बता दें कि हाल ही में आदिम जाति सेवा सहकारी समिति केरजु के समिति प्रबंधक और धान खरीदी प्रभारी दिनेश गुप्ता ने 26 दिसम्बर को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। प्रबंधक की मौत के बाद क्षेत्र में बड़े समिति में बड़े पैमाने पर की गई गड़बड़ी भी सामने आने लगी है। ग्रामीणों का कहना है कि केरजू लेम्पस के अंतर्गत केरजू, कुनमेरा, ढोढागांव, बंशीपुर, हरदीसांड शामिल है। इन गांव में आने वाले किसानों द्वारा वर्षों से समिति से खाद, बीज व ऋण धान के सीजन में लिया जाता है और धान विक्रय के समय उनका लोन एडजस्ट होता है लेकिन इस बार समिति में खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में धान बेचने आए किसानो को उस वक्त धक्का लगा जब उन्हें पता चला की उनके नाम पर बड़े पैमाने पर लोन स्वीकृत है। धान बेचने आ रहे किसानों के धान की राशि को लोन में समायोजित किया जा रहा है ऐसे में जब किसानों ने सहकारी बैंक पेटला में जाकर इसकी जानकारी ली तो गड़बड़ी की पुष्टि हुई। बड़ी बात यह भी है कि किसानों के पासबुक उनके पास होने के बाद भी बिना किसी सहमती एवं पासबुक, विड्रॉल पर्ची के ऋण की राशि सहकारी बैंक पेटला द्वारा आहरण कर राशि तत्कालीन समिति प्रबंधक को दे दी गई और ऋण की वसूली किसानों से की जा रही है। किसानों का कहना है कि जब उन्होंने केरजू समिति में ऋण की सूची मांगी तो आनाकानी की जा रही है।

**अब बेचे गए धान की राशि से हो रही भरवाई, किसानों ने कलेक्टर से लगाई गुहार, जांच कमेटी होगी गठित**

### मृत किसानों के नाम पर भी लोन

इस दौरान पूर्व मंत्री अमरजीत भगत ने बताया कि समिति में आने वाले लगभग दो से ढाई हजार किसानों के नाम पर फर्जी लोन निकाला गया। बड़ी बात यह है कि इनमें से कई किसान ऐसे है जिनकी पूर्व में मौत हो चुकी है, कई ग्रामीणों के पास जमीन नहीं है वहीं कई किसानों को उनकी लिमिट से अधिक का लोन स्वीकृत कर दिया गया। अब जब किसान अपना धान बेचने जा रहे है तो उनसे दूसरों द्वारा किए गए फर्जीवाड़ा की वसूली की जा रही है। यह केवल व्यक्ति नहीं बल्कि समिति से लेकर बैंक व बिचौलियों सभी की मिलीभगत से हुआ है और 15 से 20 करोड़ रुपए का घोटाला हुआ है। किसान मानसिक रूप प्रताड़ित है और ठगा महसूस कर रहे है। हमने कलेक्टर से इस मामले में जांच कर ऋण गबन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।



### जांच के बाद कार्रवाई

किसानों की शिकायत थी कि उन्होंने ऋण नहीं लिया है फिर भी उनके नाम पर एंट्री है। इस कारण जब वे धान बेचने जा रहे है तो उनकी राशि कट रही है। इसके लिए कमेटी का गठन किया जाएगा। कमेटी शिकायतों की जांच करेगी। जांच में पुष्टि होती है कि गड़बड़ी हुई है तो दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी।

-**अजीत वंसत**, कलेक्टर सरगुजा

## जांच करने पहुंचे डीएफओ, एसडीएम

# वायरल वीडियो से वन अधिकारियों में हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**

- अधिकारी वीडियो को बता रहे 2 साल पुराना, सितम्बर 2025 में हुई थी राजनीतिक रसूखों की पार्टी

पर्यटन स्थल कुमेली स्थित वन विभाग के रेस्ट हाउस में रइसों के बीच बार बालाओं के नृत्य करने की खबर प्रकाशित होने के बाद वन अधिकारियों में हड़कंप मच गया है। हरिभूमि की खबर पर संज्ञान लेते हुए सोमवार को एसडीएम के साथ वन अधिकारियों की टीम कुमेली रेस्ट हाउस पहुंची एवं आसपास के लोगों एवं वनकर्मियों से पूछताछ की।

**हरिभूमि फॉलोअप**

बताया जा रहा है कि वन विकास निगम के अध्यक्ष राम सेवक पैकरा को सोशल मीडिया पर वायरल वीडियों से अवगत कराने पर उन्होंने तत्काल डीएफओं को मामले की जांच करने एवं दोषियों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। निर्देश पर रविवार को देर शाम डीएफओ दुलेश्वर साहू अन्य वन अधिकारियों के साथ कुमेली रेस्ट हाउस पहुंचे थे। इस दौरान बीहड़ों के बीच स्थित रेस्ट हाउस में चौकीदार के अतिरिक्त कोई भी मौजूद नहीं था। सोमवार को एसडीएम अजय मोडियम, डीएफओ दुलेश्वर साहू, प्रभारी रेंजर उमेश वस्त्रकार अन्य वनकर्मियों के साथ कुमेली रेस्ट हाउस पहुंचे एवं वनकर्मियों व आसपास के ग्रामीणों से वायरल ⏭ शेष पेज 3 पर



वनकर्मियों से पूछताछ करते अधिकारी।

### चौकीदार के पास रहती थी चाबी

सूत्रों का कहना है कि पहले रेस्ट हाउस की चाबी दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी के पास रहती थी। वन विभाग का रेस्ट हाउस पर्यटन स्थल के पास निर्जन स्थल पर है। पास में कोई बस्ती भी नहीं है। रेस्ट हाउस के एक किमी दूरी पर पण्डो बस्ती है जिसके कारण रेस्ट हाउस तक यदाकदा ही ग्रामीण पहुंचते हैं। एकांत होने के कारण रेस्ट हाउस में राजनीतिक रसूखदार एकांत का फायदा उठाकर आए दिन इस तरह के कार्यक्रम आयोजित करते हैं। कार्यक्रम में शामिल एक शख्स ने बताया कि वीडियो सितम्बर 2025 का है। एक जिपं ⏭ शेष पेज 3 पर


सोशल मीडिया में वायरल हो रहा बार बालाओं के ठुमके लगाने का वीडियो

पर्यटन स्थल कुमेली स्थित रेस्ट हाउस बना रइसों का अड्डा

अधिकारी एक दूसरे पर थोप रहे है जिम्मेदारी

### मिली है 2 करोड़ की स्वीकृति

क्षेत्रीय विधायक भूलन सिंह के जन्म दिवस पर पिछले साल मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय उनके गृहग्राम पटना पहुंचे थे तथा आमसभा में लोगों की मांग पर कुमेली को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के लिए 2 करोड़ रूपए देने की घोषणा की थी प्रदेश सरकार ने कुमेली में पर्यटन सुविधाएं विकसित करने राशि भी जारी कर दी है।

### की जाएगी कार्रवाई

वायरल वीडियों की फोरेंसिक जांच कराने एफएसएल लैब भेजा जा रहा है। प्रथम दृष्टया वीडियों दो साल पुरानी है। दोषी वनकर्मियों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

-**अशोक तिवारी**
उपवन मण्डलाधिकारी, सूरजपुर

# गांजा तस्करी करने वाले गिरोह के मुख्य सरगना गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर

- पायलेटिंग में उपयोग होने वाले दो कार भी जब्त, पूर्व में मिला था 125 किलो गांजा

गांजा तस्करों के खिलाफ चलाए गए अभियान में पुलिस की कार्रवाई का सिलसिला जारी है। पुलिस ने गांजा तस्करी कराने वाले गिरोह के मुख्य आरोपियों को पकड़ने में सफलता हासिल की है। आरोपी महंगी ब्रेजा कार तथा एक टयोटा ग्लैंजा से गांजा से भरे ट्रैक्टर की पायलेटिंग करते थे और अपनी निगरानी में ही तस्करी करा रहे थे।

बता दें कि 26 अगस्त 2025 को दलधोवा घाट में एक ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। इस दौरान दुर्घटना ग्रस्त ट्रैक्टर की ट्राली में अलग से चेंबर बनाकर गांजा तस्करी करने का खुलासा हुआ था। पुलिस को मौके से 125 किलोग्राम गांजा मौके से मिला था। इस दौरान ट्रैक्टर चालक अनुज कुमार ने ओड़िसा के बलांगीर से गांजा लेकर सासराम बिहार जाने की बात स्वीकार की थी। इस मामले पूर्व में ही ट्रैक्टर चालक सासाराम आदमापुर निवासी अनुज कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था जबकि इस मामले की जांच चल रही थी। जांच के दौरान एसपी वैभव बैंकर ने गिरोह के मुख्य आरोपियों की गिरफ्तारी करने के निर्देश दिए थे जिसके बाद एएसपी विश्व दीपक त्रिपाठी के नेतृत्व में पुलिस टीम मामले की जांच कर रही थी और जांच के दौरान बिहार सासाराम के मुफससील से 21 वर्षीय ज्ञानचंद पासवान आ. यमुना पासवान को 18 अक्टूबर को गिरफ्तार किया था। इस दौरान पुलिस ने जब आरोपी से पूछताछ की तो गांजा तस्करी गिरोह के मुख्य आरोपियों के नाम सामने आए ऐसे में विशेष टीम ने मुखबिर से मिली सूचना के बाद मुख्य आरोपी सासाराम तिलकापुर निवासी 30 वर्षीय रंजन श्रीवस्तव आ. अजय श्रीवास्तव व उसके सहयोगी सासाराम तुर्की बाजार निवासी 36 वर्षीय धीरज कुमार सिंह आ. स्व. सरजू सिंह, मोहदीगंज निवासी 36 वर्षीय विनय पासवान आ. स्व. श्यामलाल पासवान को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उन्होंने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपियों से गांजा तस्करी में उपयोग किए जाने वाले मारुति ब्रेजा कार तथा एक टयोटा ग्लैंजा कार जब्त को भी जब्त किया गया है।



## दो लाख के नशीले इंजेक्शन के साथ पकड़ा गया युवक, गया जेल

**अम्बिकापुर।** बाइक से नशीले इंजेक्शन की सप्लाई कर रहे युवक को संभागीय आबकारी उड़नदस्ता की टीम ने पकडा। टीम ने युवक के पास से दो लाख कीमत के 192 नग नशीले इंजेक्शन जब्त किया। टीम ने युवक के विरूद्ध एनडीपीएस के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। जानकारी के अनुसार क्षेत्र में गश्त कर रहे संभागीय आबकारी उड़नदस्ता टीम प्रभारी रंजित गुप्ता को मुखबिर से सूचना मिला कि रनपुर खुर्द निवासी हजरत अली ऑक्सीजन पार्क बधिया चुआं के आसपास अपनी बाइक क्रमांक सीजी 15 ईजी 1662 से भारी मात्रा में किसी को नशीला इंजेक्शन की सप्लाई करने वाला है। सूचना पर तत्काल सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता ने ऑक्सीजन पार्क के आसपास सिविल ड्रेस में घेराबंदी करवाई। इसी बीच बाइक से एक युवक बधिया चुआं तरफ जाते नजर आया। टीम ने बाइक सवार को रोककर पूछताछ की तो युवक ने अपना नाम हजरत अली निवासी रनपुर खुर्द निवासी बताया। संभागीय आबकारी उड़नदस्ता की टीम ने युवक के पास रखे झोले की तलाशी तो झोला में 2 लाख कीमत के 192 नग नशीला इंजेक्शन बरामद किया गया। युवक के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट की धारा 22(सी) के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# कोरिया से आकर सरगुजा के कोटेरबुड़ा जंगल में खेल रहे जुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- पुलिस ने छापा मारकर 17 को पकड़ा, 1.40 लाख से अधिक बरामद

सरगुजा के उदयपुर पुलिस ने जुआ के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। जंगल में चल रहे जुआ के दौरान छापामार कर पुलिस ने 17 जुआरियों को पकड़ने के साथ ही उनके पास से 1 लाख 40 हजार 310 रुपए नगद बरामद किया है। सभी जुआरी कोरिया जिले के रहने वाले है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की है। बताया जा रहा है कि पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि उदयपुर के कोटेरबुड़ा जंगल पुलिया के पास कूछ जुआरी हार जीत का दांव लगाकर जुआ खेल रहे है। सूचना मिलने के बाद एसएसपी राजेश अग्रवाल के निर्देश पर उदयपुर पुलिस की टीम ने कोटेरबुड़ा जंगल पुलिया के पास घेराबंदी की कर छापा मारा। इस कार्रवाई के बाद जुआरियों में हड़कंप मच गया। मौके से पुलिस ने कोरिया के पटना निवासी 50 वर्षीय राजेश सोनी आ. लक्ष्मीनारायण सोनी, 32 वर्षीय संदीप कुमार आ. रामनाथ, 52 वर्षीय राजेंद्र प्रसाद आ. सुन्दरलाल, 40 वर्षीय राजेश गुप्ता आ. गुप्तेश्वर प्रसाद गुप्ता, 45 वर्षीय अल्ताफ खान आ. औरंगजेब, 38 वर्षीय सुभाष कुमार आ. स्व. जयकरण, 47 वर्षीय दीपक छत्री आ. राजेंद्र छत्री, 45 वर्षीय विजय सिंह आ. ठाकुर प्रसाद, 31 वर्षीय अमित कोरी आ. बसंतलाल, 27 वर्षीय संदीप गुप्ता आ. मनोज गुप्ता, 27 वर्षीय शैलेन्द्र गुप्ता आ. रामकृपाल गुप्ता, 30 वर्षीय कार्तिक सिंह आ. पीताम्बर सिंह, 36 वर्षीय संतोष कुमार सोनी आ. रामेश्वर सोनी, 57 वर्षीय अशोक वर्मा आ. गिरजाशंकर वर्मा, 39 वर्षीय सुदर्शन सिंह आ.अहिबरन सिंह, 37 वर्षीय संदीप ध्रुव आ. एमडी ध्रुव व 34 वर्षीय अभिषेक कुमार आ. प्यारेलाल को मौके से हिरासत में लिया। पुलिस ने आरोपियों के पास से कुल 1 लाख 40 हजार 310 रुपए व 52 ताश पत्ता बरामद किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम की धारा 3(2) के तहत कार्रवाई की है। इस कार्रवाई में उदयपुर थाना प्रभारी शिशिरकान्त सिंह, साइबर सेल प्रभारी अजीत मिश्रा, प्रधान आरक्षक भोजराज पासवान, संजय कुमार, विकास सिन्हा, आरक्षक अमन पुरी, अशोक यादव, रमेश राजवाड़े, अजय शर्मा, रविन्द्र साहू, कृष्णा सिंह सक्रिय रहे।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

**अधिकारी कर्मचारियों को लगाई फटकार, सेनेटरी पार्क व वाटर पार्क का होगा निजीकरण**

# शहर में चौक चौराहों के रख रखाव में लापरवाही पर भड़की महापौर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सोमवार को नगर निगम में महापौर परिषद की बैठक आयोजित की गई। बैठक में शहर के चौक चौराहों के रख रखाव और साफ सफाई को लेकर महापौर ने कड़ी नाराजगी जाहिर की और अधिकारी कर्मचारियों को जमकर फटकार लगिया। इसके साथ ही उन्होंने निगम संपत्ति को नुकसान पहुंचाने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए है। इसके साथ ही बैठक में प्रशासनिक भवन के शेष बचे निर्माण कार्यो के लिए 88 लाख रुपए की स्वीकृति दी गई। बता दें कि सोमवार को महापौर परिषद की बैठक आयोजित की गई। बैठक में शहर के विकास, रखरखाव और आमदनी बढ़ाने से जुड़े कुल 16 एजेंडों पर विस्तार से विचार-विमर्श कर निर्णय लिए गए। बैठक के दौरान महापौर श्रीमती मंजूषा भगत ने कहा कि शहर के गांधी चौक, अम्बेडकर चौक, घड़ी चौक के साथ ही अन्य चौक चौराहों की हालत बदहाल है। चौक चौराहों को बैनर पोस्टर से भर दिया गया है। रवि त्रिपाठी चौक के साथ ही एनी चौक चौराहों में तोड़ फोड़ की जा रही है। चोर रेलिंग, हाईमास्क लाईट, पैनल की चोरी कर रहे है। उन्होंने चौक चौराहों की स्थिति पर निगरानी नहीं रखने को लेकर अधिकारी कर्मचारियों को जमकर फटकार लगाईं। उन्होंने कहा कि जब लोग बाहर से आते है तो उनके मन में शहर के प्रति गलत प्रभाव पड़ेगा। इसलिए जल्द से जल्द सभी चौक चौराहों को व्यवस्थित किया जाए। गांधी चौक, अम्बेडकर चौक के साथ ही घड़ी चौक को 26 जनवरी के पहले दुरुस्त किया जाए। इसके साथ ही निगम की संपत्ति को नुकसान पहुंचाने वालों के खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई की जाए। महापौर श्रीमती भगत ने कहा कि शहर में जितने भी सार्वजनिक व सुलभ शौचालय है उनकी नियमित सफाई हो और उन्हें व्यवस्थित रखा जाए। इसके साथ ही महापौर ने शहर में कचरा फेंकने वालो पर जुर्माना लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सबसे पहले कचरा फेंकने वाले स्थानों पर बोर्ड लगाया जाए और सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जाए। इसके बाद भी लोग नहीं मानते है तो निगम जुर्माना लगाए। इस दौरान लोनिवि प्रभारी शहर के वाटर पार्क और सेनेटरी पार्क का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि इन उद्यानों से निगम को आमदनी नहीं हो पा रही है। ऐसे में इन दोनों उद्यानों का निजीकरण कर ⏭ शेष पेज 3 पर



### प्रशासनिक भवन के लिए दिया 88 लाख

बैठक के दौरान ननि के प्रशासनिक भवन के निर्माण की समीक्षा की गई। इस दौरान महापौर श्रीमती भगत ने बताया कि नगर निगम के नए भवन का निर्माण कार्य लगभग पूर्ण हो गया है। मीटिंग हॉल निर्माण के लिए अतिरिक्त राशि 88 लाख रुपए की स्वीकृति भी दी गई। संभवतः 26 जनवरी को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय अंबिकापुर में ध्वजारोहण करेंगे। इसी दिन वह नगर निगम के नए भवन का भी लोकार्पण कर सकते है। जिसके बाद निगम कार्यालय नवीन भवन से ही संचालित होने लगेगा।

### अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर बाइक सवार, मौत

**अम्बिकापुर।** गांव में धुम रहा बाइक सवार अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गया। दुर्घटना में गंभीर हुए युवक की निजी अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार भटगांव थाना अंतर्गत ग्राम अनरोखा निवासी संदीप गिरी आ. राजेश तिर्की (25 वर्ष) रविवार को बाइक से गांव में घूमने निकला था। इसी दौरान शाम को गांव के लोगों ने परिजन को बताया कि युवक बाइक सहित सड़क पर गिरा है और अचेत हो गया है। सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे और घायल को स्थानीय अस्पताल में भर्ती किराया। चिकित्सकों ने युवक की हालत गंभीर होने पर रेफर कर दिया। परिजन घायल को लेकर शहर के निजी अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों जांच उपरांत मृत घोषित कर दिया।

## खबर संक्षेप



### ठंड से बचने लायंस क्लब ने ग्रामीणों को किया कपड़े और कम्बल का वितरण

अंबिकापुर। लायंस क्लब सरगुजा द्वारा कड़ाके की ठंड को देखते हुए सदस्यों द्वारा एकत्रित किए गए कम्बल एवं वस्त्र वितरण किया गया। ग्राम ससकालो के पंचायत भवन प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम के दौरान लगभग 400 ग्रामीणों को कपड़े एवं कम्बल वितरित किया गया। इस दौरान वृद्धजन को कम्बल, टोपी और दस्ताने, लड़कीयों को कपड़े, लड़कों को एवं छोटे बच्चों, महिलाओं को उनके अनुसार नवीन कपड़े वितरित किए गए। बड़ी बात यह है कि छोटे बच्चों श्रेष्ठ अग्रवाल, अर्णव अग्रवाल एवं युगान्तिका राज सिंह द्वारा अपने गुल्लक के पैसों से टोपीया खरीदकर वृद्धों को पहनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत सरपंच श्रीमती दुर्गा सिंह एवं वरिष्ठ नागरिक अजीत सिंह द्वारा की गई। लायंस क्लब के पास्ट गवर्नर डॉ जीडी सिंह ने लायंस क्लब द्वारा किये जाने वाले सेवा कार्यों की जानकारी दी। क्लब अध्यक्ष डॉ. यशवर्धन सिंह ने ग्रामीण क्षेत्र में पुनः इस तरह के कार्यक्रम करने की मंशा जाहिर की। सचिव अनुज प्रसाद सिंह ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर लायन डॉ. जीडी सिंह, पीके गोयल, डॉ. यशवर्धन सिंह, अनुज प्रसाद सिंह, निरज अग्रवाल, दीपक अग्रवाल, केके सिंघल, डॉ. पीके श्रीवास्तव, डॉ. हर्षप्रित सिंह टुटेजा, डॉ. रीतेश गुप्ता, डॉ. मनीष गुप्ता, आर्यन, नरबत सिंह मौजूद थे।

### गायत्री परिवार ने जरूरत मंद ग्रामीणों को बांटे कंबल, साड़ी व साल

सोनगरा। गायत्री परिवार ने पड़ रही कड़ाके की ठंड के मद्देनजर गरीब, असहाय एवं जरूरतमंद परिवारों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से शनिवार को विकासखंड प्रतापपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत हरिहरपुर की झुग्गी-झोपड़ी बस्ती में कंबल, साड़ी, साल एवं टोपी वितरण किया। उप जोन संभाग प्रमुख प्रभारी भोला प्रसाद अग्रवाल के नेतृत्व में गायत्री परिवार के कार्यकर्ताओं ने जरूरतमंद परिवारों तक पहुंच कर कंबल, महिलाओं के लिए साड़ी-साल तथा बच्चों एवं बुजुर्गों को टोपी वितरित की। ग्रामीणों ने कहा कि गायत्री परिवार केवल आध्यात्मिक चेतना का संदेश देने वाला संगठन ही नहीं, बल्कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक सहायता पहुंचाने वाला एक सशक्त सामाजिक संगठन है। इस दौरान गायत्री शक्तिपीठ से जिला समन्वयक शिवशंकर कुशवाहा, अवधेश कुमार गोयल, पवन कुमार गर्ग, सरपंच नंदलाल, रामायण गुप्ता, डीपी गुप्ता, सुशील निगम सहित गायत्री परिवार के अन्य कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## पेज 1 के शेष...

### वायरल वीडियो से ...

वीडियो के संबंध में पूछताछ की। उपवन मण्डलाधिकारी अशोक तिवारी ने बताया कि प्रथम दृष्टया वायरल वीडियो दो वर्ष पुरानी है। हालांकि वीडियो के समय सहित अन्य संबंधित जानकारियों के लिए इसकी फॉरेंसिक जांच कराने का निर्णय लिया है तथा जांच के लिए वीडियो एफएसएल लैब में भेजी जा रही है। वीडियो दो वर्ष पुराना भी है तो मामले में संबंधित फारेस्ट गार्ड सहित अन्य वनकर्मी दोषी है। रेस्ट हाउस में इस तरह की गतिविधियां संचालित होने के संबंध में न तो वनकर्मियों ने वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना दी न ही इस पर रोक लगाने की ही कोई पहल की। मामले में दोषी फारेस्ट गार्ड सहित अन्य वनकर्मियों के विरुद्ध कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

### चौकीदार के पास ...

सदस्य ने बार बालाओं का नृत्य आयोजित किया था जिसमें बड़ी संख्या में विश्रामपुर, सूरजपुर सहित अन्य स्थानों के युवा शामिल हुए थे। पूर्व में रेस्ट हाउस से दबंग शराब पार्टी एवं जुए का फड़ भी सजाते थे। राजनीतिक प्रभाव के कारण वनकर्मी मौन दर्शक बने रहते थे।

### शहर में चौक चौराहों के रख...

दिया जाए। निगम फूड जोन के संचालन में सक्षम नहीं हो पा रहा है। ऐसे में इसके लिए टेंडर आमंत्रित किया जाना चाहिए। इस प्रस्ताव को सामान्य सभा में लाने पर सहमति बनी। वहीं शहर के अन्य छोटे उद्यानों को भी आमदनी के लिए स्वयं सहायता समूह को दिए जाने का निर्णय लिया गया। बैठक में सड़क किनारे ठेला गुमटी व दुकान संचालकों द्वारा अपना बोर्ड सड़क पर लगाने का मुद्दा उठाया गया जिसपर महापौर ने कार्रवाई करने के निर्देश दिए। शहर के पीजी कॉलेज व गांधी स्टेडियम के शौचालय को स्व सहायता समूह की महिलाओं को सौंपने का निर्णय लिया गया।

## ट्रकों से खुलेआम आसपास क्षेत्र में खपा रहे मुरुम

# मानी क्षेत्र में मुरुम माफिया सक्रिय जेसीबी से कर रहे अवैध उत्खनन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मानीचौक

**खास बात**

- ग्रामीण कर चुके है कई बार शिकायत

क्षेत्र में एक बार फिर खनिज माफिया न सिर्फ सक्रिय हो गए है बल्कि अवैध उत्खनन कर बेधड़क ट्रक से परिवहन कर मोटी रकम कमा रहे है। ऐसे में एक ओर पर्यावरण को नुकसान पहुंचा रहे है वहीं दूसरी शासन को लाखों रुपए की राजस्व क्षति पहुंचाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे है। जिस प्रकार जिले में आवास के कार्यों के लिए सामग्रियों की मांग बढ़ी है वैसे ही अवैध उत्खनन जोरों पर है। ऐसा नहीं है कि क्षेत्र के लोगों ने घटना की शिकायत संबंधित विभाग से नहीं की बावजूद इसके किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं करने से अवैध उत्खनन करने वालों के हौसले बुलंद है।

मानी क्षेत्र में शासकीय भूमि पर मुरम का अवैध उत्खनन और परिवहन इन दिनों जोरों पर चल रहा है। नियमों को ताक पर रखकर जेसीबी मशीनों की मदद से बड़े पैमाने पर मुरम की खुदाई की जा रही है और ट्रकों के माध्यम से विभिन्न स्थानों पर भेजा जा रहा है। यह पूरा कारोबार खुलेआम हो रहा है, लेकिन संबंधित विभागों की ओर से अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है, जिससे प्रशासन की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठने लगे है।



ट्रक में मुरूम मिट्टी लोड करते जेसीबी।

### शिकायत के बाद भी नहीं हुई कार्रवाई

स्थानीय लोगों ने कई बार इस अवैध गतिविधि की शिकायत खनिज विभाग से की है, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। ग्रामीणों का आरोप है कि संबंधित अधिकारी कर्मचारियों की मिलीभगत से अवैध उत्खनन लगातार जारी है। ग्रामीणों को कहना है कि मानी क्षेत्र में कुछ माह के भीतर ही मुरम की अवैध उत्खनन काफी बढ़ गई है।

#### सड़क की हालत हो रही जर्जर

अवैध उत्खनन कर मुरम लाने ले जाने हर रोज भारी वाहनों का आवाजाही लगता रहता है। ऐसे में अब सड़क की हालत जर्जर होने लगी है। इसके अलावा पर्यावरण के लिहाज से भी यह अवैध उत्खनन गंभीर चिंता का विषय है। मुरम की अंधाधुंध खुदाई से जलस्तर प्रभावित होगी और वर्षा के दौरान जलभराव की स्थिति बन सकती है। ऐसे में प्राकृतिक संसाधनों का इस तरह दोहन भविष्य में क्षेत्र के लिए घातक साबित हो सकता है।

स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि शासकीय भूमि पर पूरे दिन जेसीबी लगाकर मुरम निकाली जा रही है। भारी मशीनों के उपयोग से जमीन की प्राकृतिक संरचना को नुकसान पहुंच रहा है। खेतों और आसपास की भूमि में गहरे गड्ढे बन गए हैं। अवैध रूप से निकाली गई मुरम को ट्रकों में भरकर निर्माण कार्यों में खपाया जा रहा है। बताया जा रहा है कि बिना किसी अनुमति और रॉयल्टी चुकाए पूरा कारोबार किया जा रहा है, जिससे शासन को लाखों रुपये के राजस्व का नुकसान हो रहा है। खनिज विभाग और राजस्व विभाग की अनदेखी के कारण मुरुम माफिया के हौसले बुलंद हैं।

#### कार्रवाई करता हूं

मुरम की खुदाई होने की जानकारी मिली है वह पूरी तरह से अवैध है। मै तत्काल फील्ड पहुंच जांच करने के साथ दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करता हूं।

-भूषण कुमार
खनिज अधिकारी सूरजपुर



# छात्राएं पढ़ाई कर हासिल करें अपना मुकाम : मिंज

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- कक्षा 9वीं की छात्राओं को वितरित की गई सरस्वती सायकिल

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सारगव में लुण्ड्रा विधायक प्रबोध मिंज जिपं एसएमडीसी अध्यक्ष मनीष ली, सरपंच नारायण प्रसाद, उप सरपंच कृष्णा सिंह, सांसद प्रतिनिधि भूपेंद्र सिंह, विधायक प्रतिनिधि राजेश सरदार के आतिथ्य एवं जिपं सदस्य श्रीमती दिव्या सिंह सिसोदिया की अध्यक्षता में छात्राओं को सरस्वती सायकिल प्रदान किया गया।

छात्राओं की सुविधा हेतु निःशुल्क सायकल प्रदान की जा रही है। इसके उपयोग से विद्यालय में नियमित उपस्थित हो तथा पढ़ाई कर अपने परिवार व विद्यालय का नाम रोशन करें। प्रबोध मिंज ने कहा कि निःशुल्क साइकिल वितरण की शुरूआत तत्कालीन मुख्यमंत्री रमन सिंह 2004-05 में की थी। कक्षा नवमी की बालिकाओं को अध्यापन हेतु आवागमन को सुचारू बनाने के लिए साइकिल प्रदान किया जाता है। छात्राएं मन लगाकर पढ़ाई करें। अध्ययन में कोई भी समस्या होने पर हर सहयोग के लिए आपका एकमात्र उद्देश्य अच्छे से पढ़ाई कर अच्छा मुकाम हासिल करना एवं समाज में नेक इंसान होना चाहिए। पढ़ाई ही एकमात्र ऐसा साधन है जिससे आप अपना व अपने परिवार एवं समाज की दशा बदल सकते है। इसी उद्देश्य से सरकार पुस्तक, सायकल एवं अन्य सुविधाएं दे रही है।

कार्यक्रम का संचालन श्रीमती सुजाता सिंह ने किया। इस दौरान विजय बैरागी, संतोष जायसवाल, विकास सिंह, श्रीमती साधना सरकार सहित विद्यालय के सभी शिक्षक एवं बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित थे।



# हिंदू सम्मेलन में शामिल हुए क्षेत्रवासी ग्राम बडसरा में हुआ कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैयाथान

हिंदू जागरण समिति की ओर से रविवार को बड़सरा, करौंदामुड़ा, बसकर,कुसमुसी, कुरीडीह ग्रामों का हिंदू सम्मेलन ग्राम बड़सरा में आयोजित किया गया। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य समाज में एकता, सांस्कृतिक चेतना, पारिवारिक मूल्यों तथा राष्ट्रबोध को सुदृढ़ करना रहा। सम्मेलन में आसपास गांव के बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

कार्यक्रम का शुभारंभ समाज प्रमुखों एवं अतिथियों द्वारा राम व भारत माता के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। सम्मेलन की अध्यक्षता सुनील साहू ने की वहीं मुख्य वक्ता जिला बौद्धिक शिक्षण प्रमुख सत्येंद्र गुप्ता एवं मुख्य अतिथि के रूप में हरिकिशन गोस्वामी एवं लीलावती विश्वकर्मा उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता सत्येंद्र गुप्ता ने कहा कि समाज की एकता ही राष्ट्र की वास्तविक शक्ति होती है। प्राचीन काल में भारत विश्व गुरु रहा है, किंतु समय के साथ सामाजिक एकता और कुटुंब भावना के कमजोर होने से देश को भारी क्षति उठानी पड़ी। उन्होंने कहा कि हिंदू एक जीवन पद्धति है, जिसमें तुलसी, पीपल, बरगद जैसे वृक्षों तथा नदियों की पूजा की जाती है, जो वैज्ञानिक दृष्टि से भी पर्यावरण संरक्षण और विराट जीवन दर्शन को दर्शाती है।श्री गुप्ता ने पारिवारिक एकता और सामाजिक समरसता के अभाव को राष्ट्र की कमजोरी बताते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की पांच परिवर्तन की अवधारणा पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर सभी समाज प्रमुखों का अतिथियों द्वारा शॉल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन कुलदीप सिंह ने किया तथा आभार प्रदर्शन सुनील साहू ने किया।इस दौरान सोनू जायसवाल, रामाशंकर यादव, रामू गोस्वामी, सुशील साहू, राम केवल पैकरा, शांतनु गोयल, सुग्रीव कुशवाहा, राम लाल यादव, विजय यादव, विजय जायसवाल, जगनारायण सिंह, सुरेश सिंह सहित बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष उपस्थित रहे।

# विवेकानंद के विचार आज भी युवाओं के लिए मार्गदर्शक, दिलाई गई शपथ



हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

- जिला स्तरीय युवा दिवस पर स्वामी विवेकानंद के विचारों से युवाओं को किया गया प्रेरित

स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ऑडिटोरियम में आज जिला स्तरीय युवा दिवस समारोह का आयोजन मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े के मुख्य आतिथ्य तथा प्रेमनगर विधायक भूलन सिंह मरावी अध्यक्षता में किया गया। समारोह में बड़ी संख्या में विद्यार्थी स्वामी विवेकानंद की पोशाक में शामिल हुए।

इस अवसर पर आत्मनिर्भर भारत एवं नशामुक्त भारत की शपथ दिलाई गई तथा एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के दौरान भाषण प्रतियोगिता, काव्यपाठ, रंगोली सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें 400 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने युवाओं को जीवन में अनुशासन, धैर्य और आत्मबल अपनाने की सीख दी है। उन्होंने कहा कि युवा अवस्था में ही अनुशासन का अभ्यास करना आवश्यक है, क्योंकि यही आगे के जीवन की दिशा तय करता है। मंत्री ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने युवाओं में राष्ट्रप्रेम की भावना का संचार किया। उन्होंने युवाओं से यह याद रखने को कहा कि देश उनके लिए क्या कर सकता है, इससे अधिक महत्वपूर्ण यह है कि वे देश के लिए क्या कर सकते हैं। देश की नींव को मजबूत करने के लिए सभी को एकजुट होकर कार्य करना होगा। उन्होंने पंच परिवर्तन की अवधारणा पर प्रकाश डालते हुए सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, कुटुंब प्रबोधन, स्वदेशी अपनाने तथा नागरिक कर्तव्यों के पालन करने की बात कही। कार्यक्रम को विधायक भूलन सिंह मरावी, जिपं अध्यक्ष श्रीमती चंद्रमणि पैकरा ने भी संबोधित किया। इस दौरान श्रीमती रेखा राजलाल रजवाड़े, श्रीमती स्वाती सिंह, श्रीमती कुसुमलता रजवाड़े, श्रीमती रजनी रविशंकर त्रिपाठी, बाबूलाल अग्रवाल, भीमसेन अग्रवाल, मुरली मनोहर सोनी सहित अन्य मौजूद रहे।

### राष्ट्रीय युवा दिवस पर स्वामी विवेकानंद के विचारों को किया साझा

बलरामपुर। शासकीय महाविद्यालय बलरामपुर में राष्ट्रीय युवा दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में स्वामी विवेकानंद के विचारों को आत्मसात कर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने हेतु प्रेरित करना रहा। इस प्राचार्य नंद कुमार देवांगन की अध्यक्षता एवं सहायक प्राध्यापक डॉ. अर्चना गुप्ता के संयोजन में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य वक्ता इतिहास के सहायक प्राध्यापक योगेश राठौर ने स्वामी विवेकानंद के जीवन दर्शन, उनके आदर्शों एवं युवाओं के प्रति उनके संदेशों पर विस्तार से प्रकाश डाला। वहीं सत्यम गुप्ता ने अपने उद्बोधन में युवाओं को आत्मविश्वास, अनुशासन, परिश्रम एवं लक्ष्यबद्ध जीवन अपनाने का संदेश दिया। प्राचार्य प्रो. नंद कुमार देवांगन ने कहा कि युवा शक्ति किसी भी राष्ट्र की सबसे बड़ी ताकत होती है और स्वामी विवेकानंद के विचार आज भी युवाओं के लिए मार्गदर्शक हैं। कार्यक्रम का संचालन आनंद चौबे व आभार प्रदर्शन मंजीत चौबे ने किया। इसके साथ ही कार्यक्रम में रासेयो के एनके सिंह एवं एनएसएस स्वयंसेवकों के साथ ही छात्र-छात्राएं मौजूद थे।





# छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ के प्रांतीय सम्मेलन में बलरामपुर-रामानुजगंज के शिक्षक हुए शामिल

रामानुजगंज। छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ का प्रांतीय सम्मेलन रायगढ़ में सम्पन्न हुआ। सम्मेलन में प्रदेश के सभी जिलों से शिक्षकों ने भाग लिया। बलरामपुर–रामानुजगंज जिले से भी बड़ी संख्या में शिक्षक प्रतिनिधि सम्मेलन में शामिल हुए।

शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष बलरामपुर–रामानुजगंज विपिन कुमार पाठक ने बताया कि सम्मेलन के दौरान शिक्षकों की आवश्यक मांगों को प्रांतीय संगठन मंत्री ओंकार सिंह एवं प्रांताध्यक्ष संजय सिंह ठाकुर द्वारा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वित्त मंत्री ओपी चौधरी के समक्ष रखा गया। मंत्री ने मांगों पर सकारात्मक विचार करते हुए उन्हें पूरा करने का आश्वासन दिया। सम्मेलन में जिले के प्रांतीय कोषाध्यक्ष गया राम राजवाड़े, जिलाध्यक्ष विपिन पाठक, नरेश ठाकुर, एमडी पाण्डेय, गोपाल राम, रमेश मिश्रा, एसके भट्टाचार्य, कुंवर साय, जगेश्वर राम, गुरुमाला भगत, सुरेंद्र पैकरा, बृजराज सिंह, शिव कुमार कुशवाहा, अवधेश यादव, सुखलाल राम, मेघनाथ चेरवा, विजय कुमार गुप्ता, ओम प्रकाश कश्यप, कमलेश मरकाम, अरुण कुजूर अन्य शिक्षक उपस्थित रहे। प्रांतीय सम्मेलन के अवसर पर बलरामपुर जिले से सेवा निवृत्त प्रधान पाठक नरेश कुमार ठाकुर को संघ के सराहनीय कार्यों के लिए शॉल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया।



























## खबर संक्षेप

### आज होगा विशाल हिंदू सम्मेलन

**मनेन्द्रगढ़।** नगर में 13 जनवरी को एक भव्य विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन श्रीराम मंदिर प्रांगण मनेन्द्रगढ़ में दोपहर 2 से सायं 5 बजे तक संपन्न होगा। सम्मेलन का आयोजन सर्व हिंदू समाज मनेन्द्रगढ़ के तत्वावधान में किया जा रहा है, जिसमें नगर सहित आसपास के क्षेत्रों से काफी संख्या में श्रद्धालुओं एवं नागरिकों के शामिल होने की संभावना है। आयोजकों के अनुसार इस सम्मेलन का उद्देश्य हिंदू समाज को एकजुट करना, सांस्कृतिक एवं धार्मिक मूल्यों को सदृढ़ करना तथा सामाजिक समरसता का संदेश देना है। कार्यक्रम के दौरान सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ, भजन-कीर्तन एवं सम्मानित अतिथियों के उद्बोधन का आयोजन किया जाएगा, जिससे श्रद्धा और भक्ति का वातावरण निर्मित होगा। सम्मेलन में माताओं-बहनों, युवाओं, वरिष्ठ नागरिकों सहित समाज के सभी वर्गों की सहभागिता अपेक्षित है। आयोजन समिति ने नगरवासियों से अपील की है कि वे अपने इष्ट मित्रों एवं परिवारजन के साथ अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाएं। कार्यक्रम स्थल श्रीराम मंदिर प्रांगण को विशेष रूप से सजाया जाएगा, वहीं धार्मिक ध्वजों और प्रतीकों के माध्यम से सनातन संस्कृति की झलक देखने को मिलेगी।

### जटिल ऑपरेशन कर बछड़े की बचाई जान

**बैकुण्ठपुर।** जिले के खड़गवां गांव में पशु चिकित्सा सेवाओं ने मानवीय संवेदना का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है। गांव के पशुपालक राजकमल की मादा गाय के नवजात बछड़े की स्थिति जन्म के समय अत्यंत गंभीर हो गई थी। बछड़ा डिस्टोकिया नामक जटिल समस्या से ग्रसित था, जिसमें प्रसव के दौरान बछड़ा गर्भ में फंस जाता है और मां तथा नवजात दोनों की जान पर खतरा बन जाता है। डॉक्टरों ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए एमवीयू 1962 की टीम को तत्काल सूचना दी गई। सूचना मिलते ही डॉ. विनोद सिंह एवं डॉ. बीके तांजे अपनी टीम के साथ बिना समय गंवाए रात लगभग 8 बजे मौके पर पहुंचे और सफल इलाज किए।

### जिला स्तरीय राष्ट्रीय युवा दिवस का आयोजन



**बैकुण्ठपुर।** छग शासन द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के तहत संचालक खेल एवं युवा कल्याण विभाग रायपुर निर्देशन से जिला स्तरीय राष्टीय युवा दिवस 2026 का अयोजन शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैकुंठपुर में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी विनोद कुमार राय, जिला खेल अधिकारी जितेन्द्र कुमार गुप्ता, संस्था के प्रचार्य अमृतलाल गुप्ता, जय नाथ वाजपई जिला प्रोग्रामर एवं सांहिस्ता अंजुम अली वरिष्ठ व्यख्याता के उपस्थित रहे। जिसमे जिला शिक्षा अधिकारी विनोद कुमार राय के द्वारा स्वामी विवेकानंद के जीवन चरित्र की जानकारी देते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद द्वारा शिकांगो के विश्व धर्म महासभा में दिए गए उस ऐतिहासिक भाषण की चर्चा की, जिसने पूरी दुनिया में भारत और हिन्दुत्व की पहचान बदल दी थी और अमेरिका के भाई और बहनों जैसे सरल शब्दों से स्वामी विवेकानंद ने वैश्विक भाईचारा का संदेश दिया था। इस कार्यक्रम में 15 से 29 आयु वर्ग में लगभग 100 प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर भाषण, काव्य पाठ एवं रंगोली प्रतियोगिता में भाग लिया। इस प्रतियोगिता के अंत में श्रीमती शिल्पा गुप्ता पार्षद एवं अन्य अतिथियों के द्वारा शामिल सभी विधाओं के प्रतिभागियों को प्रथम एवं द्वितीय पुरूस्कार का वितरण किया गया।

---

पुण्य स्नान के लिए सरोवरों में जुटते हैं श्रद्धालु | मिनी स्टेडियम में होगी पंतगबाजी, बैकुंठपुर में सजा बाजार

# दुर्लभ संयोग के बीच कल मनाई जाएगी मकर संक्राति, तिल लड्डू की बिक्री में आई तेजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

मकर संक्रांति का पर्व 14 जनवरी को मनाया जाएगा। इस बार कई दुर्लभ संयोग के बीच मकर संक्रांति मनाई जाएगी। जानकारी के अनुसार इस दिन अमृत सिद्धि योग के साथ कई दुर्लभ संयोग बन रहा है।

ज्योतिषियों के अनुसार इस बार ग्रहों की स्थिति साधकों और दान पुण्य करने वालों के लिए अत्यंत फलदायी होगा। इस दिन सूर्य अपने पुत्र शनि की राशि मकर में प्रवेश करेंगे, इसके साथ ही धीरे-धीरे सूर्य की तेज बढ़ने लगेगी और धूप तीखी पड़ने लगेगी और दिन के समय धीरे-धीरे ठंड में कमी आना शुरू हो जाएगा। वहीं मकर संक्रांति पर्व के मद्देनजर बाजार में तिल, तिलकुट, तिल के लड्डुओं का विक्रय कई दिनों पूर्व से शुरू हो गया है। मकर संक्रांति के अवसर पर तिल की डिमांड बढ़ जाती है



और इस दिन तिल एवं तिल के बने लड्डुओं का सेवन किया जाता है, इसे ध्यान में रखते हुए तिल व इसके बने सामनों की खरीदी के लिए लोग बाजार में जुट रहे हैं। अधिकांश लोगों के द्वारा मकर संक्रांति के लिए बाजार में बनी बनाई तिल के लड्डु व अन्य तिल से खाद्य पदार्थो की खरीदी कर रहे हैं।

### महकने लगे तिल गुड के व्यंजनों की खुशबू

मकर संक्रांति का पर्व आने के पूर्व ही कई लोगों के घरों में तिल-गुड के लड्डु बनाने में जुट गए हैं, इसके चलते कई लोगों के घर आंगन में तिल गुड के व्यंजनों की खुशबू महकने लगे हैं। आज भी कई घरों के लोग मकर संक्रांति पर्व के पूर्व तिल गुड की खरीदी कर अपने घरों में भी परंपरागत रूप से तिल गुड के लड्डु बनाने की तैयारी में जुट गए हैं, जिनकी खास खुशबू कई घरों के आस पास महकने लगी है।

### कई जगह मेले का आयोजन

मकर सक्रांति पर्व को लेकर लोगों में उत्साह रहता हैं। इस अवसर पर लोग सुबह नदी सरोवरो में स्नान कर दान पुण्य करते हैं। इस दिन कोरिया व एमसीबी जिले के कई स्थानों पर मेले का भी आयोजन किया जाता है, जहां काफी संख्या में विभिन्न क्षेत्रों के लोगों की भीड़ जुटती है, इसके अलावा विभिन्न क्षेत्रों के नदी सरोवरों में भी मकर संक्रांति के दिन सुबह के समय स्नान करने के लिए जुटते हैं।


### मिनी स्टेडियम में पतंग प्रतियोगिता

मकर संक्रांति पर्व के अवसर पर इस बार शहर के रामानुज मिनी स्टेडियम में पतंग प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में प्रवेश निःशुल्क रखा गया है साथ ही विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। जानकारी के अनुसार मकर संक्रांति के अवसर पर मिनी स्टेडियम में होने वाले पतंग प्रतियोगिता में चाइनिज मांझा पर प्रतिबंध रहेगा।

---

शाम ढलते ही सामाजिक तत्वों का लग जाता है डेरा

# मिनी स्टेडियम में अंधेरे का राज



## चारो कोने में लगाई गई लाइट को उतार दी गई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

शहर के मिनी स्टेडियम में लाखो रूपए खर्च कर स्टेडियम के चारो कोने में हाईमास्क लाइट लगाई गई है, लेकिन बीते दो सप्ताह से अधिक समय से मिनी स्टेडियम में शाम ढलने के बाद अंधेरा छा जाता है। अंधेरे के बीच मिनी स्टेडियम में कई असामाजिक तत्व शाम ढलने के बाद नशाखोरी के लिए जुटते हैं, इसके चलते ही कई बार मिनी स्टेडियम परिसर में शराब की बोतले भी इधर-उधर बिखरा मिलता रहा है।

■ **स्टेडियम परिसर में इधर-उधर बिखरा रहता है शराब की बोतल**

जानकारी के अनुसार शहर के मिनी स्टेडियम में लाखों की लागत से चारो कोने पर हाइमास्क लाइट लगाई गई थी, इससे मिनी स्टेडियम शाम ढलने के बाद रोशन होता था और लोग विभिन्न तरह के एक्टीवीटी करने के लिए पहुंचते थे, लेकिन बीते दो सप्ताह से अंधेरा छाए रहने के कारण मिनी स्टेडियम असामाजिक तत्वों के लिए सुरक्षित स्थल बन गया है।

जानकारी के अनुसार मिनी स्टेडियम के सके चलते मिनी स्टेडियम अंधेरे के आगोश में शाम ढलने के बाद चला जाता है। नपा द्वारा लगाई गई लाइट को उतार लिए जाने से कई दिनों से मिनी स्टेडियम में अंधेरा छाया रहता है।

# पुलिस वाहन शाखा प्रभारी ठगी का शिकार

**बैकुंठपुर।** पुलिस लाइन बैकुंठपुर में आवासीय कॉलोनी निर्माण कार्य से जुड़े एक ठेकेदार दंपती द्वारा नौकरी लगवाने के नाम पर पुलिस वाहन शाखा प्रभारी से 7 लाख रूपए की ठगी किए जाने का मामला सामने आया है।

■ **नौकरी लगवाने के नाम पर ठेकेदार दंपती ने की 7 लाख की ठगी, मामला दर्ज**

कोतवाली पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। प्रार्थी जनकराम तिवारी जो वर्तमान में पुलिस लाइन बैकुंठपुर में वाहन शाखा प्रभारी के पद पर पदस्थ हैं। उन्होंने बताया कि पुलिस लाइन में 164 ब्लॉक की आवासीय कॉलोनी निर्माण के दौरान ठेकेदार विनय नागपुरे से परिचय हुआ था। इसी



दौरान आरोपी ने मंत्रालय में अच्छे संबंध होने का दावा करते हुए उनकी पुत्री को आंगनबाड़ी सुपरवाइजर की नौकरी दिलाने की बात कही और इसके बदले 10 लाख रूपए की मांग की।

प्रार्थी के अनुसार आरोपी की पत्नी स्नेहा विनय नागपुरे ने भरोसा दिलाने के लिए स्टेट बैंक का एक खाली चेक भी दिया और नौकरी नहीं लगने की स्थिति में राशि वापस करने का आश्वासन दिया। आरोपियों के झांसे में आकर जनकराम तिवारी ने अपनी पुत्री के विवाह के लिए बचाकर रखी गई राशि में से जनवरी 2022 में दो किस्तों में 5 लाख और 2 लाख रूपए नकद विनय नागपुरे को दे दिए। काफी समय बीतने के बाद भी जब नौकरी नहीं लगी तो प्रार्थी ने रूपए वापस मांगा, लेकिन आरोपी टाल-मटोल करते रहे, इसके बाद दिए गए चेक को बैंक में प्रस्तुत करने पर हस्ताक्षर मेल नहीं खाने के कारण चेक अमान्य घोषित कर दिया गया। मानसिक रूप से परेशान प्रार्थी को बाद में आरोपियों द्वारा केवल 1 लाख 45 हजार रूपए ही लौटाए गए, जबकि शेष 5 लाख 55 हजार रूपए अब तक वापस नहीं किए गए। आरोपी दंपती वार्ड नंबर 6 कमलेश्वर नगर, नागपुर (महाराष्ट्र) के निवासी बताए जा रहे हैं। कोतवाली पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में लिया है।

---

*** मनेंद्रगढ़।** भारतीय जनता पार्टी कोटाडोल मंडल के अंतर्गत शक्ति केन्द्र कोटाडोल में एसआईआर (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन) को लेकर एक आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक संगठनात्मक मजबूती एवं आगामी दायित्वों की प्रभावी पूर्ति के उद्देश्य से आयोजित की गई, इसमें कार्यकर्ताओं को एसआईआर प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी गई।
बैठक में एसआईआर मंडल प्रभारी एवं जिला मंत्री पवन शुक्ला मुख्य रूप से उपस्थित रहे। साथ ही प्रवेक्षक आदित्य गुप्ता, मंडल अध्यक्ष मनोज गुप्ता, पूर्व मंडल अध्यक्ष राजारामदास, रामसकल सिंह, शिवनारायण मौर्य, भैयालाल यादव, रामगोपाल यादव सहित अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त शक्ति केन्द्र प्रभारी, संयोजक, सह संयोजक, समस्त बूथ अध्यक्ष, बीएलए - 2 तथा सभी टोलियों की सक्रिय भागीदारी रही।

# अवैध शराब विक्रेता गए जेल



**बैकुण्ठपुर।** छग शासन की आबकारी सचिव श्रीमती आर. संगीता और कोरिया जिले की कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के निर्देश पर अवैध शराब निर्माण, बिक्री और तस्करी के विरूद्ध जिले में लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है।

जिला आबकारी अधिकारी रमेश कुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन में विभाग सख्ती से कार्रवाई कर रहा है। कंट्रोल रूम बैकुंठपुर में सहायक जिला आबकारी श्रीमती सपना सिन्हा को मुखबीर से प्राप्त सूचना के आधार पर लगातार छापामार कार्रवाई की जा रही है। ग्राम छोटे साल्ही थाना-बैकुंठपुर निवासी मोहरमनिया पति मनिराम के घर की तलाशी लेने पर 10 लीटर अवैध शराब जब्त किया गया। मोदीपारा थाना बैकुंठपुर शिवराज सिंह आत्मज जगदेव के घर बाड़ी की छापाकर 8 लीटर हाथभट्टी अवैध शराब जब्त किया गया। ग्राम बसेर थाना चरचा मनी सिंह आत्मज जगरनाथ के घर से 9.8 लीटर शराब जब्त किया गया। ग्राम बसेर में ही जानकी पति धौकल सिंह के घर से 8 लीटर जरकिन और बोतलो में भरी अवैध शराब जब्त किया गया। चार आरोपियों के विरूध छ.ग. आबकारी अधिनियम की धारा 34 (1) क 34 (2) एवं 59 क के तहत प्रकरण कायम कर जिला न्यायालय बैकुंठपुर में न्यायिक रिमांड के लिए प्रस्तुत किया गया।

### पिकअप वाहन सहित साउंड सिस्टम जब्त

**चरचा कालरी।** पुलिस अधीक्षक रवि कुमार कुर्रे के निर्देश पर एवं एएसपी सुरेशा चौबे के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी प्रमोद पाण्डेय के नेतृत्व में चरचा थाना क्षेत्र में कानून व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए विशेष अभियान चलाया गया। इसी अभियान के तहत 11 जनवरी को थाना चरचा पुलिस को सूचना मिली की फूलपुर ऑक्सीजन पार्क के पास एक सफेद रंग के पिकअप वाहन में अत्यधिक तेज आवाज में डीजे साउंड सिस्टम बजाया जा रहा है, जिससे आसपास के रहवासी, विद्यार्थी, बुजुर्ग और आम नागरिक गंभीर रूप से परेशान हो रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची। मौके पर देखा गया कि पिकअप वाहन क्रमांक सीजी 16 सीएफ 3362 में भारी-भरकम हाई-पावर डीजे साउंड सिस्टम लोड कर सार्वजनिक स्थान पर बिना किसी वैध अनुमति के धड़ल्ले से बजाया जा रहा था। पुलिस द्वारा डीजे संचालक से वैध परमिट मांगा गया, किंतु वह कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका।

# मनरेगा की आत्मा खत्म कर मजदूरों का हक मार रही केन्द्र सरकार: कांग्रेस

**बैकुंठपुर।** मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत सोमवार को कुड़ेली साप्ताहिक बाजार में आमसभा का आयोजन किया गया। 29 जनवरी तक चलने वाले इस सघन जनसंपर्क अभियान के दौरान कांग्रेस नेता जमीनी स्तर पर उतरकर जनता को केन्द्र की भाजपा सरकार की श्रमिक विरोधी नीतियों से अवगत करा रहे हैं।



सभा को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने कहा कि मोदी सरकार ने वीबीजी रामजी के जरिए दुनिया की सबसे बड़ी रोजगार गारंटी योजना की मूल आत्मा को ही खत्म कर दिया है। मनरेगा अब अधिकार नहीं बल्कि सरकार की मर्जी पर निर्भर एक प्रशासनिक मदद बनकर रह गई है। इस नए ढांचे ने मनरेगा को एक कंडीशनल (शर्तों वाली) और केन्द्र द्वारा पूरी तरह नियंत्रित योजना में तब्दील कर दिया है। पहले सरकारी आदेश से कभी काम नहीं रोका जा सकता था, लेकिन अब नया सिस्टम साल के किसी भी समय जबरन काम बंद करने की इजाजत देता है। यह पूरी तरह से केन्द्र की मर्जी पर निर्भर हो गया है कि वह गरीब को कब रोजगार देगी और कब उसे भूखा रहने के लिए छोड़ देगी। यह बदलाव ग्रामीण भारत के 12 करोड़ मजदूरों के आत्मसम्मान और उनकी आर्थिक सुरक्षा पर सबसे बड़ी चोट है। पूर्व विधायक गुलाब कमरो ने कहा राज्यों पर बोझ और ऑकड़ों का खेल केन्द्र सरकार अब 90 प्रतिशत के बजाय केवल 60 प्रतिशत खर्च देगी, जबकि राज्यों पर 40 प्रतिशत का भारी वित्तीय बोझ डाल दिया गया है। इससे फंड की कमी होगी और धीरे-धीरे योजना बंद हो जाएगी। छग का हवाला देते हुए कहा गया कि भाजपा सरकार आने के बाद 70 प्रतिशत गांवों में अघोषित रूप से काम बंद है। पिछले 11 वर्षों में औसत रोजगार मात्र 38 दिन रहा है, जो 100 दिन की गारंटी के दावे पर तमाचा है। साजिश के खिलाफ संघर्ष जारी रहेगा 125 दिन मजदूरी की बात भाजपा सरकार की केवल एक चुनावी चालाकी है। जिला अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, पूर्व विधायक गुलाब कमरो, पीसीसी सदस्य योगेश शुक्ला, प्रदेश संयुक्त महामंत्री वेदांती तिवारी, कोषाध्यक्ष अशोक जायसवाल, महामंत्री बृजवासी तिवारी, जनपद अध्यक्ष उदय सिंह, बिहारी राजवाड़े, शैलेन्द्र सिंह, गणेश राजवाड़े, भूपेन्द्र यादव, कमलकांत साहू, मकबूल खान, अविनाश सहित काफी संख्या कांग्रेसी मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत चल रहे जागरूकता आमसभा एवं धरना प्रदर्शन में उपस्थित रहे।



## खबर संक्षेप



### भेंट-मुलाकात कार्यक्रम में दी गई योजनाओं की जानकारी

**राजपुर।** क्षेत्र के ग्राम पंचायत सेमरा कठरा में भेंट-मुलाकात कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों की बड़ी भागीदारी देखने को मिली। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सामरी विधायक श्रीमती उद्धेश्वरी पैकरा रहीं। उनके साथ जनपद अध्यक्ष विनय भगत, जिपं सदस्य रवि प्रताप मराबी, जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी संजय दुबे विशेष रूप से उपस्थित रहे। विधायक श्रीमती पैकरा ने कहा कि राज्य सरकार ग्रामीण विकास, सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार जैसे क्षेत्रों में निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि भेंट-मुलाकात कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने पेयजल, सड़क, आवास, राशन और मनरेगा से जुड़ी समस्याएं रखीं, जिन पर अधिकारियों ने शीघ्र निराकरण का आश्वासन दी। जनपद अध्यक्ष विनय भगत ने पंचायतों के माध्यम से चल रही विकास की जानकारी दी और ग्रामीणों से कहा कि विकास के लिए सभी जनप्रतिनिधि मिलकर काम कर रहे हैं। इस अवसर पर संतोष पांडेय, उदय यादव, शीतल गुप्ता, अशोक रस्तोगी, सुरेश यादव सहित विभिन्न ग्राम पंचायतों के सरपंच, उपसरपंच, जनप्रतिनिधि, भाजपा कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।
फोटो सिंगल

### सामाजिक कार्यों व जागरूकता फैलाने विचार मंच का गठन

**अंबिकापुर।** शहर में सामाजिक कार्यों व लोगों में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से विचार मंच का गठन किया गया। शहर के लाजपत राय अग्रवाल के



निवास स्थान पर आयोजित बैठक में बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में विचार मंच नामक संस्था की स्थापना की गई व कार्यकारिणी का गठन किया गया। मंच के अध्यक्ष देवेश शुक्ला ने बताया कि बैठक में सभी ने रचनात्मक कार्य करने हेतु जैसे पर्यावरण के क्षेत्र में, सामाजिक स्तर पर बढ़ते हिंसा, युवाओं में बढ़ते नशाखोरी, विभिन्न समुदायों में सद्भावना बढ़ाने हेतु एक अराजनैतिक संस्था बनाने पर जोर दिया गया व इस विचार मंच नामक संस्था की स्थापना हुई। संस्था का संयोजक श्रीपाल दास केशरवानी को बनाया गया। संस्था पूर्ण रूप से अराजनैतिक रहेगी। किसी भी राजनैतिक दल से इसका कोई सम्बंध नही होगा। राजनैतिक दल के सदस्य विचार मंच के सदस्य हो सकते हैं। इस दौरान आचार्य जयराम मिश्रा, लाजपत राय अग्रवाल, गोपाल पाण्डेय, धीरेन्द्र नाथ दुबे, गोपाल दास केशरवानी, सतेन्द्र, अब्दुल, मोहम्मद रज्जाक सहित अन्य मौजूद थे।

### कमलपुर साइडिंग पुनः शुरू करने के विरोध में युकां नेता ने कलेक्टर को दिया ज्ञापन

**बिश्रामपुर।** कमलपुर कोल साइडिंग को पुनः शुरू किए जाने की तैयारी के विरोध में आज सोमवार को युवक कांग्रेस पदाधिकारी ने सूरजपुर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर कमलपुर साइडिंग संचालन की अनुमति नहीं दिए जाने की मांग की है,ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि कमलपुर साइडिंग के दोबारा शुरू होने से इलाके में भारी वाहनों का दबाव अत्यधिक बढ़ जाएगा, जिससे सड़क दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहेगी,साथ ही कोयला परिवहन के कारण धूल-प्रदूषण में भारी इजाफा होगा, जिसका सीधा असर आसपास के गांवों, खासकर किसानों की फसलों और कृषि कार्यों पर पड़ेगा। कोल डस्ट के कारण खेती पहले से ही प्रभावित है और साइडिंग शुरू होने से स्थिति और बदतर हो सकती है। ज्ञापन में पूर्व अनुभवों का हवाला देते हुए उल्लेख किया गया कि पहले भी अदानी ग्रुप द्वारा कोयला ट्रांसपोर्टिंग के दौरान स्थानीय लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा था,उस समय अदानी ग्रुप ने सांडबार बैरियर से महावीरपुर-संजयनगर तक सड़क निर्माण कराने का आश्वासन दिया था, लेकिन यह वादा पूरा नहीं किया गया,भले ही एसईसीएल द्वारा कुछ हद तक सड़क निर्माण कराया गया लेकिन निजी कंपनी द्वारा किए जाने वाले कार्य अधूरे रह गए, जिसका खामियाजा आज भी आमजन भुगत रहे हैं,कमलपुर साइडिंग के लिए निर्धारित भूमि अपर्याप्त है, जिससे सुरक्षित और व्यवस्थित ट्रांसपोर्टिंग संभव नहीं है। ऐसे में साइडिंग का संचालन न केवल अव्यवहारिक है, बल्कि स्थानीय सुरक्षा और पर्यावरण के लिए भी खतरा बन सकता है।

### विकासखंड स्तरीय शिक्षकों का 5 दिवसीय प्रशिक्षण प्रारंभ




**ओड़गी।** नवीन पाठ्य पुस्तक कक्षा 1 से तीसरी तथा माध्यमिक शाला में संस्कृत पढ़ाने वाले शिक्षकों का 5 दिवसीय विकास खंड स्तरीय प्रशिक्षण आज से विकास खंड शिक्षा अधिकारी प्रदीप कुमार सिंह, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक नरेंद्र कुमार दुबे, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी अभिषेक कुमार सिंह के निर्देशन में प्रारंभ हुआ। प्रशिक्षण में प्राथमिक विद्यालय के 40 एवं माध्यमिक विद्यालय के 45 शिक्षकों ने भाग लिया गया। , प्रशिक्षण निश्चित रूप से शिक्षा गुणवत्ता हेतु मिल का पत्थर साबित होगा, सभी शिक्षकों को पूरी तन्यमता के साथ प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिसमें मास्टर ट्रेनर्स ऋषि कुमार पांडे, वैशाली वैष्णो, देवलाल पटेल, युवराज सिंह, देवलाल रत्नाकर द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

## 6 दमकल गाड़ियों की मदद से पाया गया काबू

# बंद पड़े बारदाना गोदाम में लगी भीषण आग, लाखों का नुकसान



आग बुझाते दमकलकर्मी।



बारदाना में लगी आग।

**हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर**

जिले के ग्राम पर्री ग्राम स्थित संदीप एग्रो एजेंसी के बारदाना गोदाम में बीती रात अचानक भीषण आग लग गई। आग इतनी विकराल थी कि देखते ही देखते गोदाम में रखा लाखों रुपए का बारदाना जलकर खाक हो गया। घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई।

**खास बात**
- आग लगने का नहीं लगा पता, विभागीय जांच शुरू

बताया जा रहा है कि यह गोदाम बीते दो साल से बंद पड़ा हुआ था। स्थानीय स्तर पर इसे अब एक तरह से बारदाना गोदाम के रूप में उपयोग किया जा रहा था। गोदाम विनोद अग्रवाल के नाम पर बताया जा रहा है। प्रारंभिक आकलन के अनुसार आगजनी से लगभग लाखों रुपए तक के नुकसान की आशंका जताई जा रही है। अब तक आग लगने के स्पष्ट कारणों का पता नहीं चल पाया है। न तो शॉर्ट सर्किट की पुष्टि हो सकी है और न ही किसी बाहरी साजिश के संकेत मिले हैं। प्रशासन और अग्निशमन विभाग आग के कारणों की जांच में जुट गया है। आग की गंभीरता को देखते हुए सूरजपुर, कोरिया और अंबिकापुर से कुल 6 दमकल गाड़ियां मौके पर पहुंची और घंटों की मशक्कत के बाद दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया। समय रहते ही दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पा लिया नहीं तो आग के आसपास के इलाकों में फैलने से बड़ी घटना हो सकती थी। आग पर काबू पाने के दौरान दमकल टीम के कमांडेंट संजय गुप्ता मौके पर मौजूद रहे और उनके नेतृत्व में दमकल कर्मियों ने साहस और सूझबूझ से स्थिति को संभाला।

#### नहीं हुई कोई जनहानि

गोदाम मालिक विनोद अग्रवाल ने बताया कि घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई, जो बड़ी राहत है। हालांकि आर्थिक नुकसान काफी बड़ा है और इससे व्यवसाय को भारी झटका लगा है।

#### जांच के आदेश

प्रशासन की ओर से कहा गया है कि आग लगने के कारणों की विस्तृत जांच कराई जाएगी। यह भी देखा जाएगा कि बंद पड़े गोदाम में सुरक्षा के क्या इंतजाम थे और आग लगने जैसी घटना को रोकने के लिए कौन-कौन सी सावधानियां बरती जानी चाहिए थीं।

## नवापारा खदान से स्क्रैप अफरा-तफरी मामले में विजलेंस ने शुरू की जांच

**हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर**

एसईसीएल भटगांव क्षेत्र के नवापारा भूमिगत खदान से स्क्रैप अफरा तफरी मामले में अब विजलेंस ने दबिश दी है,खबर है कि विजलेंस की टीम दो दिवस पूर्व नवापारा खदान पहुंचकर अधिकारी कर्मचारियों से आवश्यक पूछताछ की है। स्क्रैप अफरा तफरी मामले में विजलेंस की दबिश के बाद संबंधित अधिकारियों में खलबली मची हुई है।

- अधिकारी-कर्मचारियों के बयान के लिए कम्पनी मुख्यालय किया तलब

प्राप्त जानकारी अनुसार विजलेंस की टीम जांच कर कम्पनी मुख्यालय लौट गई है और इस मामले में प्रथम दृष्टया जिनकी भूमिका संदिग्ध पाई गई है एवं सम्बंधित कर्मियों को बयान दर्ज कराने के लिए मुख्यालय तलब किया गया है,बता दें कि पिछले साल के अंतिम सप्ताह गत 25 दिसम्बर को नवापारा खदान से स्क्रैप अफरा तफरी की घटना को अधिकारियों ने बड़ी सफाई से अंजाम दिया था लेकिन सुरक्षा कर्मियों की सतर्कता से मामला उलझ गया और चोरी पकड़ी गई,इस मामले में स्क्रैप का उठाव करने वाले कबाड़ खरीददार ने सुरक्षा कर्मियों को बताया कि एक गाड़ी कबाड़ उठाव का उसके पास अनुमति पत्रक है जबकि दूसरी गाड़ी में लोड कबाड़ का उसने अधिकारियों को नगद पैसा देकर उठाव किया है, जिसने पूरे मामले को संदिग्ध बना दिया है।सुरक्षा विभाग की सतर्कता से मामला सामने आने के बाद मौके पर बवाल की स्थिति निर्मित हो गई सब एक दूसरे पर दोषारोपण करते दिख रहे हैं।बताया जाता है कि इस मामले में सब एरिया मैनेजर और कॉलरी इंजीनियर की भूमिका संदिग्ध है।खबर प्रकाशन और विजलेंस के आने के बाद प्रबंधन ने खदान के इंजीनियर का दूसरी जगह तबादला कर दिया है,साथ ही क्षेत्रीय प्रबंधन द्वारा कुछ अन्य अधिकारी कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने की जानकारी सामने आई है।बताया जाता है कि इस मामले में कबाड़ अफरा तफरी कार्य का विरोध करने वाले सुरक्षा कर्मी ललित गुप्ता को उनका बयान दर्ज करने विजलेंस ने सोमवार को बिलासपुर तलब किया है।

इस संबंध में एसईसीएल भटगांव महाप्रबंधक दिलीप बोबडे ने बताया कि मामले की जांच चल रही है जो कर्मचारी भी दोषी पाए जाएंगे उनके खिलाफ कार्यवाही होनी तय मानी जा रही है।

### नाबालिग को शादी का झांसा देकर शोषण, आरोपी गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** नाबालिग को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। बलरामपुर के त्रिकुंडा थाना अंतर्गत डिंडो चौकी पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार चौकी अंतर्गत ग्राम महादेवपुर खुटरापारा निवासी 25 वर्षीय मनोज कुमार पंडो आ. शिव कुमार पंडो नाबालिग को शादी का झांसा देकर भगा ले गया और उसका दैहिक शोषण किया। इस मामले में नाबालिग के पिता की शिकायत पर पुलिस ने जांच उपरांत आरोपी युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपी को बीएनएस की धारा 137, 64 (2)(ड) एवं पास्को अधिनियम की धारा 4 (2), 6, के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस कार्रवाई में डिंडो चौकी प्रभारी नवल किशोर दुबे, आरक्षक शिवनारायण सिंह, नंदलाल, दीपक बघेल, भीम तिर्की शामिल रहे।

## बैंक में पदस्थ दैनिक वेतन भोगी के कर्मचारी खाताधारक परेशान

**हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजनगर**

सहकारी केंद्रीय बैंक एक बार फिर विवादों में घिरता नजर आ रहा है। खाताधारकों ने बैंक के एक दैनिक वेतन भोगी द्वारा मनमानी तरीके से 20 हजार से अधिक की राशि निकालने पर उनसे 500 तक की अवैध वसूली करने का आरोप लगाया है।

- किसानों ने रुपए निकालने पर 5 सौ रुपए वसूली करने का लगाया आरोप

ग्राहकों के अनुसार बैंक में पदस्थ एक दैनिक वेतन भोगी के कर्मचारी की मनमानी से खाताधारक परेशान हैं। चाहे राशि आहरण हो या केवाईसी अपडेट जैसे आवश्यक कार्य। ग्राहकों को जानबूझकर घंटों इंतजार कराया जाता है। आरोप है कि जब खाताधारक बार-बार बैंक के चक्कर लगाकर थक जाते है तो उनसे काम शीघ्र निपटाने के एवज में पैसे की मांग की जाती है। बताया जा रहा है कि इस स्थिति से सबसे अधिक ग्रामीण क्षेत्र के खाताधारक और बुजुर्ग प्रभावित हो रहे हैं। ग्राहकों का कहना है कि अतिरिक्त राशि दिए बिना न तो समय पर भुगतान होता है और न ही आवश्यक दस्तावेजी कार्य पूरे किए जाते हैं। गौरतलब है कि कुछ दिन पूर्व ही इसी बैंक के प्रबंधक को ग्राहकों के साथ दुर्व्यवहार और बदसलूकी के आरोपों के कारण हटाया गया था। बावजूद इसके बैंक की कार्यप्रणाली में किसी प्रकार का सुधार नहीं हुआ। इधर क्षेत्र के खाताधारकों में भारी आक्रोश व्याप्त है। उन्होंने प्रशासन और बैंक के उच्च अधिकारियों से निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी है कि यदि समय रहते उचित कदम नहीं उठाए गए, तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

इस संबंध में सहकारी कोऑपरेटिव बैंक के प्रभारी ब्रांच मैनेजर अनिल चौबे ने बताया कि खाताधारकों से पैसा लिया जा रहा है इसकी कोई जानकारी नहीं है। अगर ऐसी घटना घटी है तो उनके विरुद्ध में कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## सम्राट इलेवन टीम ने राजेश गुप्ता स्मृति क्रिकेट स्पपर्धा का खिताब किया अपने नाम

**प्रतापपुर।** स्वर्गीय राजेश गुप्ता स्मृति कप क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला रविवार को खेला गया, जिसमें रोमांचक प्रदर्शन करते हुए सम्राट इलेवन ने पठान क्लब मानी को 27 रनों से पराजित कर खिताब अपने नाम किया।



फाइनल मुकाबला में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए सम्राट इलेवन ने निर्धारित 12 ओवर में शानदार खेल का प्रदर्शन किया। टीम के बल्लेबाजों ने आक्रामक अंदाज में चौकों-छक्कों की बरसात कर दी और 174 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी पठान क्लब मानी की टीम ने भी संघर्ष पूर्ण बल्लेबाजी की, लेकिन सम्राट इलेवन की सधी हुई गेंदबाजी के सामने वह 147 रन ही बना सकी। इस तरह सम्राट इलेवन ने 27 रनों से मैच जीतकर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। अतिथियों द्वारा विजेता टीम सम्राट इलेवन को 51 हजार रुपये नगद राशि एवं ट्रॉफी प्रदान की गई, जबकि उपविजेता टीम पठान क्लब मानी को 31 हजार रुपये नगद राशि एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। अतिथियों ने खिलाड़ियों की खेल भावना की सराहना करते हुए भविष्य में ऐसे आयोजनों के माध्यम से युवाओं को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान मुख्य अतिथि जेपी श्रीवास्तव, विशिष्ट अतिथि कंचन सोनी, संजीव श्रीवास्तव, नवीन जायसवाल, विपिन जायसवाल, राजेश गुप्ता, मासूम इराकी, आशुतोष गुप्ता के अलावा आयोजन समिति के निखिल सिंह चौहान, अजय गुप्ता, रॉबिन गर्ग, अंकित जायसवाल, फैजान अंसारी, राजा खान, सर्वेश्वर तिवारी एवं सरफराज खान सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद रहे।

## शतरंज स्पर्धा में 9 कॉलेज के छात्रों ने किया प्रदर्शन

**हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर**



शासकीय महाविद्यालय रविवार को परिक्षेत्र स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में परिक्षेत्र के 9 शासकीय महाविद्यालयों से आए कुल 34 खिलाड़ियों ने अपनी बौद्धिक प्रतिभा एवं खेल कौशल का प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छग प्रदेश शतरंज संघ के संयुक्त सचिव सरोज कुमार वैष्णव, विशिष्ट अतिथियों के रूप में शेष रतन जायसवाल, सुजीत जायसवाल, नागेंद्र गुप्ता, तथा रविशंकर गुप्ता शामिल हुए। प्राचार्य प्रो. नंद कुमार देवांगन ने कहा कि शतरंज जैसे बौद्धिक खेल विद्यार्थियों में निर्णय क्षमता, एकाग्रता एवं रणनीतिक सोच का विकास करते हैं। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों ने उच्च स्तरीय खेल कौशल का प्रदर्शन किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर राजेश साहू, रविन्द्र कुमार साहू, सुयश गुप्ता, अकेश पैकरा, अर्पित गुप्ता, ऋतिक भगत एवं सिकेंदर कुमार का चयन अंतर्विश्वविद्यालय स्तर पर आयोजित राज्यस्तरीय शतरंज प्रतियोगिता (पुरुष वर्ग) के लिए किया गया। अंतर्महाविद्यालय शतरंज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान शासकीय राम भजन राय एनईएस महाविद्यालय, जशपुर ने प्राप्त किया। द्वितीय स्थान शासकीय श्यामा प्रसाद मुखर्जी महाविद्यालय, सीतापुर तथा तृतीय स्थान शासकीय रेवती रमण मिश्र महाविद्यालय, सूरजपुर को प्राप्त हुआ। विजेता एवं उपविजेता टीमों को अतिथियों द्वारा बधाई दी गई। इस दौरान डॉ. अश्विनी विश्वकर्मा, आनंद चौबे, राहुल नीरज, सुष्मिता सहित अन्य मौजूद थे।



## घायल का अस्पताल में नहीं किया गया इलाज, परिजन ने की शिकायत

**हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजनगर**

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल युवक को इलाज से वंचित किए जाने का मामला सामने आया है। परिजन का आरोप है कि चिकित्सक न सिर्फ अस्पताल से नदारद थे बल्कि जब अस्पताल आए तो इलाज करने के बजाए अपमान करना शुरू कर दिया जिससे उन्हें मरीज को निजी अस्पताल ले जाकर इलाज कराना पड़ा। परिजन ने घटना की शिकायत स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी से की है तथा मामले की जांच कर दोषी के विरूद्ध कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

- परिजन ने अपमानित करने का लगाया आरोप


ग्राम कौशलपुर निवासी निर्भय कुमार पटेल ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी से दिए गए लिखित शिकायत में बताया कि 12 जनवरी की सुबह करीब 11 बजे भाई अक्षय पटेल (30 वर्ष) सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन तत्काल उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामानुज नगर लेकर पहुंचे। परिजन का आरोप है कि अस्पताल में काफी देर तक कोई डॉक्टर या जिम्मेदार स्टाफ मौजूद नहीं था। इस दौरान घायल युवक दर्द से तड़पता रहा। कुद समय बाद महिला चिकित्सक श्रीमती राजश्री सिंह अस्पताल पहुंचीं। परिजन जब मरीज की गंभीर स्थिति बताते हुए इलाज की गुहार लगाई, चिकित्सक ने मरीज को देखना भी मुनासिब नहीं समझा और प्राथमिक उपचार किए बिना ही अस्पताल से बाहर ले जाने को कह दिया जिससे परिजन घायल को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। इस घटना ने रामानुज नगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की वर्षों से चली आ रही बदहाल व्यवस्था को एक बार फिर उजागर कर दिया है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों का कहना है कि अस्पताल लंबे समय से अव्यवस्था, डॉक्टरों की अनियमित उपस्थिति और आपातकालीन सेवाओं की कमी से जूझ रहा है। दुर्घटना और आपातकालीन स्थिति में मरीजों को इलाज न मिलना बेहद गंभीर विषय है।

इस संबंध में संभाग के संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं डॉ. अनिल शुक्ला ने कहा कि रामानुजनगर अस्पताल से एक शिकायत मुझे मिली है। दुर्घटना में घायल युवक को सरकारी अस्पताल में इलाज नहीं मिलना गंभीर विषय है। इस मामले में दो सदस्यीय जांच दल का गठन किया जाएगा और यदि डॉक्टर द्वारा ऐसा व्यवहार किया गया है तो नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## ग्राहक सेवा केन्द्र में दिन दहाड़े चोरी सीसीटीवी कैमरा में कैद हुआ चोर

**हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज**

क्षेत्र के धनपुरी में सोमवार को दिनदहाड़े चोरी की एक घटना से सनसनी फैल गई। ग्राहक सेवा केंद्र से चोर ने नकद और मोबाइल चोरी कर फरार हो गया। इधर पूरी घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। संचालक की शिकायत पर पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोर की तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार धनपुरी निवासी सूर्यकुमार प्रजापति के ग्राहक सेवा केंद्र में आज दोपहर एक युवक दाखिल हुआ और केंद्र में किसी के नहीं होने का फायदा उठाते हुए वहां रखे लगभग 4 से 5 हजार रुपये नगद और एक कीमती मोबाइल फोन को चोरी कर फरार हो गया। इधर जब



संचालक आया तो काउंटर में रखे रुपए व मोबाइल गायब देख तत्काल घटना की शिकायत थाने में की। शिकायत पर पुलिस ने ग्राहक सेवा केंद्र में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाला तो युवक द्वारा रुपए व मोबाइल चोरी करते नजर आया। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोर की तलाश शुरू कर दी है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

स्वामी जी-93406-38884
स्पेशल ट्रेन द्वारा
ऑफर केवल 15 जनवरी तक
6 मार्च से 14 मार्च 2026
चांपा, बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव, गोंदिया से होते हुए
रामेश्वरम धाम यात्रा
श्री तिरूपति बालाजी, श्री रामेश्वरम धाम, कन्याकुमारी, मदुरै-माँ मिनाक्षी देवी, स्वर्ण मंदिर (गोल्डन टेंपल) वेल्लोर
राशि: स्लीपर-~~19501/-~~ ऑफर 16,501/-, 2AC-~~35,501/-~~ ऑफर 32,501/- 3AC-~~29,501/-~~ ऑफर 26,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Cellage Tour
19 फरवरी, 19 मार्च, 09 अप्रैल, 07 मई 21 मई, 04 जून 2026 (10 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप) माँ मनोकामना देवी, पशुपतिनाथ, जनकपुर (सीता मैया का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक),
राशि:-स्लीपर 13,500/-, 3 एसी 22,500/-, 2 एसी 25,500/- (+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411